## ग्यारह से सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रबंधन उत्सव होगा

# आईआईएम रोहतक मेजबानी को है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

देशभर में सबसे बड़े स्कूल उत्सवों में से एक इन्फ्युज़न 11, 12 और 13 जनवरी को भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक में होगा। इसमें कार्निवल व्यवसाय प्रतियोगिताओं से लेकर स्टार गायक और अभिनेता हैर्डी संधू द्वारा लाइव कॉन्सर्ट तक के कई कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे। इस वर्ष यह उत्सव, पिछले साल की तुलना में बड़े पैमाने पर होगा। क्योंकि आईआईएम रोहतक ने इस साल अपने नए कैंपस में प्रवेश किया है, जोकि 2000 एकड़ में फैला हुआ है।

## यह होगा पहले दिन

देश केकेबी स्कूल से 5000 से भी अधिक मात्रा में प्रतिभागी 50 प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। पहले दिन आईआईएम रोहतक के विभिन्न क्लबों द्वारा आयोजित कई राष्ट्रीय स्तर के केस स्टडी प्रतियोगिताओं में देश के सभी शीर्ष बिजनेस स्कूलों की टीमें मौजूद होंगी। दिन के लिए प्रमुख आकर्षण कॉमेडी नाइट होंगे। जिसमें प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रत्युष चौबे और किशोर दयानी प्रदर्शन करेंगे। हिंदी रॉक बैंड चार हज़ारी द्वारा एक लाइव प्रदर्शन भी होगा।



## 12 को होंगे ये कार्यक्रम

फेस्ट के दूसरे दिन 12 जनवरी को सबसे ज्यादा आकर्षक प्रतियोगिता, फेमिना मिस इंडिया विश्व 2018, अनुकृतिवास, रोहतक में पहली बार आयोजित होने वाली फेमिना मिस इंडिया कैंपस राउंड को जज करेंगी। इन्फ्युज़न-19 एक बीट बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन करेगा जो पहली बार किसी भी बिजनेस स्कूल में देखा जाएगा। दिन का एक अन्य प्रमुख आकर्षण पुरस्कार विजेता,कनाडाई कलाकार मिस तारा का प्रदर्शन है। जो अपनी ईडीएम धुनों से दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। मिसतारा अपने आईआईएम रोहतक मेंप्रदर्शन के साथ अपने भारत दौरे की भी शुरुआत करेंगी।

- कार्निवल व्यवसाय प्रतियोगिताओं से लेकर स्टार गायक और अभिनेता हैर्डी संधू द्वारा लाइव कॉन्सर्ट तक के कई कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे

## मैराथन तेरह को

मिनी मैराथन 13 जनवरी को आयोजित की जाएगी। मैराथन का यह 8वां संस्करण होगा। जो अतीत में प्रमुख सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने के लिए जिम्मेदार रहा है। फेस्ट का सबसे बड़ा कार्यक्रम प्रतिभावान अभिनेता और गायक हैरडी संधू का लाइ व कन्सर्ट है, जोकि 13 जनवरी को भी निर्धारित है। यह कार्निवाल और भी कई आकर्षणों के साथ सजाया जाएगा। जैसे कि फूड फेस्टिवल जोकि दिल्ली के चाईहाउस, वॉवमोमो और कई फूड टरक जैसे ब्रांडों को पेश करने जा रहा है। एन्चैंटिडविलेज, जिसे देश के किसी भी परिसर में कभी स्थापित नहीं किया गया है, को भी पहली बार आईआईएम रोहतक में इन्फ़्युज़न'19 में व्यवस्थित किया जाएगा। इसके अलावा पीजीआईएमएस के डॉक्टरों के सहयोग से दंत स्वास्थ्य पर एक बड़े पैमाने पर सामाजिक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में पूरे गांव का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, सेनेटरी नैपकिन कीजागरूकता और वितरण अभियान, शराब के दुरुपयोग, स्वच्छता के बारे में कई जागरूकता अभियान शामिल होंगे।